गुरु-शिष्य परंपरा के पावन पर्व 'गुरु पूर्णिमा' के पुनीत अवसर पर श्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में 23 जुलाई से 29 जुलाई, 2026 तक सप्त दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।

श्री गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी की अध्यक्षता में श्रीराम कथा का वाचन प्रख्यात कथाव्यास आचार्य श्री शांतनु जी महाराज के श्रीमुख से होगा।

गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई, 2026) के शुभ अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर, महंत श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज श्रद्धालुओं एवं शिष्यों को अपना मंगलमय आशीर्वचन प्रदान करेंगे। साथ ही, विशेष पूजन, भजन तथा भंडारे का आयोजन भी होगा।

योग, गुरु-भक्ति, श्रद्धा एवं सेवा की सनातन परंपरा से अनुप्राणित इस आध्यात्मिक आयोजन में सहभागी बनकर पुण्यलाभ अवश्य प्राप्त करें।








गुरु पूर्णिमा
के पावन अवसर पर सप्तदिवसीय
भव्य श्रीराम कथा
कथा व्यास
आचार्य श्री शान्तनु जी महाराज
कथा स्थल : श्री दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार
श्री गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
समय : अपराह्न 03:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
ShriGorakhnathMandir
GorakhnathMndr
www.gorakhnathmandir.in